Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 22-08-2006

Participants : Thummar Shri Virjibhai

an>

Title : Need to convert the metre gauge railway line from Jaitalsar to Dhasa in Amreli Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली जिले को जोडने वाली जेतलसर से ढासा के बीच मीटरगेज रेलवे लाइन है, जहां से कई व्यापारिक गतिविधियां चल रही हैं और पिपावाव पोर्टस भी पास में है, जिसके कारण इस मीटरगेज लाइन को ब्राडगेज लाइन में बदलना अतिआवश्यक है। ब्राडगेज लाइन के बनने से सौराट्र के कई हिस्सों को देश के कई हिस्सों को रेलवे सेवा से जोड़ा जा सकता है और नयी रेलवे सेवा भी शुरू की जा सकती है। जब तक इस मीटर रेलवे लाइन को ब्राडगेज लाइन में नहीं बदला जायेगा तब तक सौराट्र में आधुनिक रेल सेवा प्राप्त नहीं हो सकती है। इस संबंध में मैंने कई बार रेल मंत्री जी को अनुरोध किया है। माननीय मंत्री जी सदन के माध्यम से बताया कि इस कार्य का सर्वे का कार्य हो रहा है परन्तु इस कार्य में नाहक देरी की जा रही है।

सदन के माध्यम से अनुरोध है कि इस मीटरगेज लाइन को ब्राडगेज लाइन में शीघ्र बदलने हेतु निर्देश दिया जाये।

---

* Treated as laid on the Table.